रविवासरीय
हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
रविवार, 30 नवम्बर 2014, बरेली, पांच प्रदेश, 18 संस्करण
www.livehindustan.com

जीव विज्ञान रिसर्च के लिए बड़ा क्षेत्र

बरेली। श्रीराममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में जारी इंसपायर इंटर्नशिप-14 के तीसरे दिन कई व्याख्यान हुए।

दिल्ली विवि के भूविज्ञान विभाग में सेंटर ऑफ एडवांस स्टडी के प्रो. नरेश चंद्र पंत ने मंगल ग्रह और पृथ्वी के बारे में जानकारी देते हुए भविष्य में होने वाली रिसर्च के पहलुओं से अवगत कराया।

डीयू के जनसूचना अधिकारी डा. इंद्रकांत सिंह ने बैक्टीरिया, वायरस, एल्गी, प्रोटोजोआ पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भविष्य में जूलोजी में शोध के काफी अवसर मिलेंगे। अंत में भौतिकी, रसायन, कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक्स की प्रयोगशालाओं में सामूहिक प्रयोग हुए।